मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री आज मेट्रो दूसरे चरण का करेंगे शुभारंभ

- रविवार से गांधीनगर से मालवीय नगर चौराहा तक चलेगी मेट्रो
- सुबह 9 से शाम 7 बजे के बीच 80 से अधिक फेरे लगाएंगी मेट्रो

नव भारत न्यूज

इंदौर. आखिरकार मेट्रो रेल के विस्तारित ट्रैक के शुभारंभ का दिन तय हो गया. शनिवार शाम ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, शहरी विकास राज्यमंत्री द्वारा इंदौर मेट्रो के विस्तारित ट्रैक मालवीय नगर चौराहे तक का शुभारंभ करेंगे.

आज इंदौर मेट्रो के दूसरे चरण सुपर कॉरिडोर 3 से मालवीय नगर चौराहा तक विस्तारित ट्रैक शुभारंभ होगा. शहर के विजय नगर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शाम 4 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल विस्तारित मेट्रो सेवा का शुभारंभ करेंगे. 6 सितंबर रविवार से मेट्रो आम यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी. इसके साथ ही यात्रियों को गांधीनगर से मालवीय नगर चौराहा तक 17 किलोमीटर लंबी मेट्रो यात्रा की सुविधा मिलेगी. मेट्रो की पहली ट्रेन दोनों छोरों से प्रतिदिन सुबह 9 बजे रवाना होगी, जबकि अंतिम ट्रेन शाम 7 बजे प्रस्थान करेगी. यात्रियों की सुविधा के लिए हर 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेन उपलब्ध रहेगी तथा प्रतिदिन 80 से अधिक फेरे संचालित किए जाएंगे.

डिजिटल टिकटिंग से स्मार्ट और कैशलेस यात्रा–यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर मेट्रो में ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन प्रणाली पहले से संचालित है. यात्री मेट्रो रेल का मोबाइल ऐप द्वारा डिजिटल टिकट प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही यूपीआई, क्यूआर कोड, ई-वॉलेट एवं मोबाइल ऐप से कैशलेस भुगतान कर यात्रा कर सकते हैं.

रिटर्न, ग्रुप टिकट एवं ई-वॉलेट रिचार्ज पर विशेष लाभ

यात्रियों को आकर्षित करने के लिए मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा प्रमोशनल डिस्काउंट पॉलिसी लागू की गई है. इसके तहत रिटर्न जर्नी टिकट पर 5 प्रतिशत तथा ग्रुप टिकट पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वहीं, मोबाइल ऐप द्वारा ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर रिचार्ज राशि अनुसार 8 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बोनस मिलेगा. 200-499 रुपए के रिचार्ज पर 8 प्रतिशत, 500-999 पर 10 प्रतिशत, 1000-1499 पर 12 प्रतिशत तथा 1500-2000 रुपए के रिचार्ज पर 15 प्रतिशत बोनस दिया जाएगा.

बारिश का एक महीने बाद सुखा हुआ खत्म

अलसुबह से रात 9 बजे तक पौन इंच बारिश

नव भारत न्यूज

इंदौर. करीब एक महीने के बाद शहर में बारिश का सूखा खत्म हुआ. आज अलसुबह से लेकर दिनभर में करीब पौन इंच बारिश हुई. बारिश होने से मौसम में भले ही ठंडक घुल गई हो, लेकिन झमाझम बारिश का इंतजार अभी भी है.

इस साल मानसून सीजन में अभी तक 17.5 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है. पिछले एक महीने से या यूं कहे कि सावन पूरा सूखा ही गया है. अब भादौ में बारिश की उम्मीद है. फिलहाल शहर के सभी तालाब खाली पड़े है. बारिश के 25 दिन बचे है. यदि इसमें औसत बारिश की 35 की पूर्ति नहीं हुई, तो आने वाले जनवरी फरवरी से ही शहर में पानी की किल्लत शुरू हो जाएगी. आज अल सुबह से रात 9 बजे तड़के 18.6 मिलीमीटर यानि करीब पौन इंच बारिश हुई है. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में तेज बारिश होने की संभावना है. शहर के बाहरी तरफ बताया जा रहा है कि दिनभर कई बार रुक-रुक कर बारिश होने की जानकारी भी मिली है.

एक नजर में

परफेक्टियो एंटरटेनमेंट का बॉलीवुड इंडस्ट्री में 15 साल का सफर

इंदौर . अपने गानों बम बम बम और नीली अंखियां ओ मेरी लैला की बड़ी सफलता के बाद, परफेक्टियो एंटरटेनमेंट ने एक नया गाना थोड़ा थोड़ा इश्क रिलीज़ किया है. इसे महेश्वर के खूबसूरत घाटों पर बहुत खूबसूरती से शूट किया गया है. इस जगह का इस्तेमाल पहले भी मध्य प्रदेश में सलमान खान की दबंग, अक्षय कुमार की पैडमैन और देओल परिवार की यमला पगला दीवाना जैसी बड़ी फिल्मों के लिए किया जा चुका है। इस जगह को चुनने का मकसद न सिर्फ मध्य प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना है, बल्कि मध्य भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को भी दिखाना है. यह प्रोडक्शन हाउस अपने कास्टिंग पार्टनर विज़टारविला टीवी के ज़रिए लोकल टैलेंट को एक मंच देता है, जहाँ दर्शक अपने पसंदीदा सेलेब्रिटीज़ से जुड़ सकते हैं. विज़टार एंटरटेनमेंट्स के मीडिया प्रोफेशनल गौरव गांधी और जीएम सीपी भटिजा ने प्रोडक्शन प्रोसेस में अहम भूमिका निभाई– ज़रूरी परमिशन लेने से लेकर टैलेंटेड एक्टर, एक्ट्रेस और डांसर को शामिल करने तक. प्रोड्यूसर सुमित और श्रेयाशी ने भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया है, जिनमें वेब सीरीज़, फीचर फिल्में और एल्बम सॉन्ग शामिल हैं.

एक्सिस बैंक ने पेश किए ग्राहकों के लिए नए कंट्रोल्स

इंदौर . एक एक्सिस बैंक ने आज अपनी व्यापक %सेफ बैंकिंग% पहल के तहत इंडस्ट्री का पहला यूपीआई लिमिट मैनेजमेंट फीचर और इंटरनेशनल ट्रैवल डिक्लेरेशन सुविधा शुरू करने की घोषणा की. ग्राहक-केंद्रित नवाचार पर एक्सिस बैंक के जोर को दर्शाने वाली ये सुविधाएं व्यक्तिगत नियंत्रण और बेहतर सुरक्षा उपायों को एक साथ लाती हैं. इससे ग्राहकों को डिजिटल भुगतान करते समय अधिक आत्मविश्वास और सुविधा के साथ लेन-देन करने में मदद मिलेगी. इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए अर्निका दीक्षित, ग्रुप हैड - काईस, पेमेंट्स एंड वेल्थ मैनेजमेंट, एक्सिस बैंक ने कहा एक्सिस बैंक में सेफ बैंकिग का उद्देश्य ग्राहकों को अपने वित्तीय मामलों को प्रबंधित करने में अधिक नियंत्रण और आत्मविश्वास देना है। डिजिटल भुगतान के लगातार विकसित होने के साथ ग्राहक अब ऐसी बैंकिंग सेवाओं की उम्मीद करते हैं, जो सुरक्षित, सहज और उनकी जरूरतों के अनुरूप हों.

कलर्स के सितारों ने भगवान कृष्ण के बारे में खुलकर बात की

इंदौर . ईशा सिंह, जो कलर्स के शो 'जुही मुई' में जुही का किरदार निभा रही हैं, साझा करती हैं, जन्माष्टमी मेरे लिए हमेशा से एक खास त्योहार रहा है, खासकर जब मैं दिल्ली में बड़ी हो रही थी. मुझे अपने परिवार के साथ इसे मनाने की प्यारी यादें हैं सजना-संवरना, भजन सुनना और मंदिर जाकर कृष्ण जी का आशीर्वाद लेना, किसी भी महत्वपूर्ण काम से पहले. समय के साथ, मैंने उनके मूल्यों से गहरा जुड़ाव महसूस किया है आस्था, दया, साहस और सही के साथ खड़े रहना.ऐश्वर्या खरे, जो कलर्स के शो 'डॉ. आरंभि' में आरंभि का किरदार निभा रही हैं, साझा करती हैं जन्माष्टमी मेरे लिए हमेशा से बेहद खास त्योहार रहा है. भोपाल में बड़ी होते हुए, मुझे याद है कि दोस्तों के साथ बाहर निकलकर उत्सव का आनंद लेना, भजन सुनना और दही हांडी की रौनक देखना कितना सुखद था.

एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने दो नए प्रोडक्ट पेश किए

इंदौर . एग्री-मशीनरी और कॉन्स्ट्रक्शन उपकरण कंपनी, एस्कॉर्ट्स कुबोटा के फार्मट्रैक ब्रांड को भारत में 3 दशक होने के उपलक्ष्य में कंपनी ने दो नए प्रोडक्ट पेश किए हैं. इसका 6055 क्लासिक डार्क एडिशन फार्मट्रैक पोर्टफोलियो में पहला ऑल-ब्लैक ट्रैक्टर है. यह 55एचपी कैटेगरी का मॉडल टू-व्हील ड्राइव और फोर-व्हील ड्राइव, दोनों विकल्पों में पेश किया गया है। इसके अलावा, प्रोमैक्स सीरीज का विस्तार ''प्रोमैक्स 2.0'' सीरीज में करते हुए दो नए मॉडल, 47 एचटी प्रोमैक्स और 50 प्रोमैक्स पेश किए गए हैं. इस बारे में निखिल नंदा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा 6055 क्लासिक 'डार्क एडिशन' और प्रोमैक्स 2.0 रेंज का लॉन्च हमने केंद्रित, एप्लीकेशन-आधारित प्रोडक्ट्स द्वारा अपने पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने के अपने लक्ष्य के अंतर्गत किया है. फार्मट्रैक भारत में 3 दशकों से है. यह ब्रांड मुख्य हॉर्सपॉवर श्रेणियों में लगातार हमारी स्थिति को मजबूत बना रहा है. हमारे द्वारा किया गया हर लॉन्च भारत में अपनी स्थिति को मजबूत करने के हमारे लक्ष्य की ओर एक कदम है.

मेकमायट्रिप व ऐक्सिस बैंक के विशेष ट्रैवल ऑफर

इंदौर . ऐक्सिस बैंक और मेकमायट्रिप ने आज साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत प्रमुख लॉन्ग वीकेंड और छुट्टियों के दौरान यात्रियों को विशेष ट्रैवल ऑफर और लाभ मिलेंगे. भारत के लॉन्ग वीकेंड कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम सालभर अलग-अलग छुट्टियों के दौरान यात्रियों को विशेष लाभ देने के लिए तैयार किया गया है. इसके तहत मेकमायट्रिप पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, होटल, हॉलिडे पैकेज, टूर और आकर्षण स्थलों, बसों और कैब की बुकिंग पर ऑफर मिलेंगे. ऐक्सिस बैंक में ग्रुप हेड-एक्वायरिंग एंड कार्ड्स, विनीत बजाज ने कहा मेकमायट्रिप के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से हम सही समय पर ऐसे लाभ उपलब्ध करा रहे हैं, जो हमारे कार्डधारकों के लिए यात्रा की योजना को अधिक सुलभ एवं लाभप्रद बनाएंगे. यह साझेदारी अलग तरह के यात्रा अनुभव देने और ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले लाभ को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है. मेकमायट्रिप में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर फ्लाइट्स, कॉरपोरेट, जीसीसी एंड मार्केटिंग, राज ऋषि सिंह ने कहा आज मार्केटिंग सिर्फ ज्यादा दिखाई देने के बारे में नहीं, बल्कि सही समय पर सही पेशकश करने के बारे में है.

एआई+ यूज़र्स को डेटा और प्राइवेसी पर मिलेगा ज्यादा कंट्रोल

इंदौर . एआई+ स्मार्टफोन ने एनएक्सटी क्वांटम ओएस का नया वर्जन 1.1 पेश किया है। यह नया वर्जन यूज़र्स की प्राइवेसी को और मजबूत करेगा और साथ ही उन्हें यह समझने और कंट्रोल करने की सुविधा प्रदान करेगा कि अलग-अलग ऐप्स उनके फोन और डेटा को कैसे एक्सेस कर रहे हैं. डेटा को भारत में ही सुरक्षित रखने और उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एनएक्सटी क्वांटम ने एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसके तहत ऐप्स से जुड़ा 100% डेटा ट्रैफिक भारत में मौजूद सर्वर्स के जरिए ही प्रोसेस होगा. यह सिस्टम 1,000 से ज्यादा कनेक्शन्स और 172 अलग-अलग डेस्टिनेशन आईपी एड्रेस से जुड़े सोर्स रूल्स की ऑटोमैटिक जाँच करता है, ताकि नेटवर्क की सिक्योरिटी मजबूत बनी रहे. एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के सीईओ और एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा टेक्नोलॉजी का भविष्य सिर्फ इस बात से तय नहीं होता कि वह क्या कर सकती है. असली बात यह है कि लोग उस पर कितना भरोसा करते हैं और वह उनकी उम्मीदों को कितना पूरा कर सकती है. यही सोच एनएक्सटी क्वांटम ओएस को तैयार करने के हमारे तरीके का अहम् हिस्सा है.

आदिवासी महिलाओं ने उद्यमिता से बदली अपनी तकदीर

इंदौर . छत्तीसगढ़ के सुदूर और दुर्गम हसदेव अंचल से महिला सशक्तिकरण की एक ऐसी सुखद तस्वीर सामने आई है, जो देश के बड़े-बड़े प्रबंधन गुरुओं और समाजशास्त्रियों को अचंभित कर सकती है. यह कहानी सरगुजा जिले के सुदूर आदिवासी क्षेत्र में काम कर रही महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति (मर्यादित) यानी एमयूबीएसएस की है. कल तक जो हाथ सिर्फ महुआ और सूखी लकड़ियां बीनने तक सीमित थे, आज वे हाथ 3 करोड़ रुपए के सालाना टर्नओवर वाले व्यावसायिक साम्राज्य का कुशलता से संचालन कर रहे हैं. इस सहकारी समिति की आदिवासी बहनों ने अब देश भर के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों को खुला न्योता दिया है कि वे सरगुजा आएं और महिला उद्यमिता के इस अनूठे मॉडल पर एक गहरी केस स्टडी तैयार करें एमयूबीएसएस की बहनों ने केवल व्यवसाय ही नहीं खड़ा किया, बल्कि एक बेहद अनूठा और आत्मनिर्भर चक्र भी तैयार किया है. इस मॉडल की सबसे खूबसूरत कड़ियों में शामिल हैं-जैविक फल और सब्जी उत्पादन, मध्यान्ह भोजन में सीधा उपयोग और बच्चों के लिए पोषण युक्त ए2 युक्त दूध.

तनाव से राहत और मन की शांति पर दो दिवसीय कार्यशाला आज से

नवभारत न्यूज़

इंदौर. भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ते तनाव और मानसिक दबाव के बीच ध्यान और आध्यात्मिक समझ को लेकर शहर में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी. पिरामिड स्प्रिचुअल सोसाइटी मूवमेंट की इंदौर टीम की ओर से यह आयोजन 5 और 6 सितंबर को खजराना गणेश मंदिर के प्रवचन हॉल में होगा. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन पूर्व पंजीयन जरूरी होगा.

आयोजन का पहला दिन 5 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा. इसमें ध्यान के अभ्यास के साथ सकारात्मक सोच, क्षमा, अपनी क्षमताओं को पहचानने और जीवन में सकारात्मक बदलाव जैसे विषयों पर चर्चा होगी. 6 सितंबर को सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले सत्रों में ध्यान के गहन अभ्यास के साथ जीवन, चेतना और मृत्यु जैसे विषयों को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश की जाएगी. कार्यशाला में वरिष्ठ पिरामिड मास्टर शंपा मुखर्जी, आलेख्या शास्त्री, शुभांगी वशिष्ठ और हितेश वशिष्ठ विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन देंगे.

आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम किसी खास आयु या पेशे तक सीमित नहीं है. तनावपूर्ण दिनचर्या के बीच अपने लिए समय निकालने और ध्यान के जरिए मन को समझने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है. कार्यक्रम का जोर केवल ध्यान के अभ्यास पर नहीं, बल्कि जीवन, विचारों और भावनाओं को समझने पर भी रहेगा.

ईपीएफओ में तकनीक से तेज हुआ दावा निस्तारण

इंदौर में 74% दावे 48 घंटे में निपटे

नवभारत न्यूज़

इंदौर. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ में तकनीक के इस्तेमाल से भविष्य निधि दावों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज हुई है. इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय में जुलाई और अगस्त 2026 के दौरान 74 प्रतिशत पात्र दावों का स्वत: निस्तारण 48 घंटे के भीतर किया गया.

ईपीएफओ के सेंट्रलाइज्ड आईटी-इनेबल्ड सिस्टम के माध्यम से सिस्टम आधारित प्रक्रिया अपनाए जाने से मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है और सदस्यों को अपने दावों की राशि अपेक्षाकृत तेजी से मिल रही है. ईपीएफओ देश के प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संगठनों में शामिल है. यह मुख्य रूप से कर्मचारी भविष्य निधि कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी सहबद्ध बीमा योजना के माध्यम से कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है. सेंट्रलाइज्ड आईटी-इनेबल्ड सिस्टम के तहत पात्र दावों की स्वचालित जांच और निस्तारण होने से लंबित मामलों को कम करने में भी मदद मिली है. इससे दावा प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने के साथ सदस्यों के लिए सेवा प्राप्त करना आसान हुआ है.

पेंशन भोगियों को डिजिटल सुविधाओं पर जोर

इंदौर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से पेंशन भोगियों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के संबंध में मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल माध्यम सहित उपलब्ध सुविधाओं का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि उन्हें पेंशन संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय न आना पड़े।

पेंशनभोगियों की सुविधा को प्राथमिकता

ईपीएफओ अधिकारियों के अनुसार तकनीक आधारित सेवाओं के साथ पेंशनभोगियों की सुविधा को भी प्राथमिकता दी जा रही है. क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 रमेश कुमार ने कहा कि सदस्यों और पेंशनभोगियों को तेज और निरंतर सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा.

जन्माष्टमी पर छात्राओं ने दी कथक व भजन की प्रस्तुतियां

- कृष्ण भक्ति में रंगा महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय
- कृष्ण के कर्मयोग और जीवन-दर्शन पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. किलाभवन स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुक्रवार को जन्माष्टमी के रंग में रंगा नजर आया. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने भजन और कथक प्रस्तुतियों के जरिए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन-दर्शन को मंच पर जीवंत किया. कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई.

प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्तव्य और संतुलन का संदेश देता है. उन्होंने छात्राओं से भक्ति को केवल पूजा तक सीमित न रखते हुए अपने कर्म, विचार और आचरण को बेहतर बनाने का माध्यम बनाने की बात कही. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुचित्रा हरमलकर ने गीता के श्लोक 'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत...' के माध्यम से धर्म की पुनर्स्थापना के महत्व को समझाया. उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा के साथ कालियामर्दन, रासलीला और गोवर्धन लीला का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि कृष्ण की लीलाओं में प्रेम, समर्पण, आनंद के साथ प्रकृति संरक्षण और सामूहिकता का संदेश भी छिपा है. कार्यक्रम में वैदेही जैन और जान्हवी श्रोत्रिय ने 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' भजन प्रस्तुत किया. इसके बाद प्रो. योगिता मांडलिक ने कथक कृष्ण कवित्त तथा छात्रा ध्यानी शाह ने कृष्ण गीत पर कथक प्रस्तुति दी. प्रस्तुतियों पर छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. अंजना चौरसिया ने किया और आभार प्रो. संध्या दावरे ने व्यक्त किया. इस अवसर पर आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. मनीषा जोशी, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. निशा जैन सहित महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं.

महिला सम्मेलन आज

इंदौर. आचार्य सुनीलसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा इंदौर की समस्त महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु 5 सितम्बर को दोपहर 1.30 बजे से नेमी नगर जैन कॉलोनी स्थित 'घूँघट गार्डन' में 'इंदौर स्तरीय वृहद महिला सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है. महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनामिका बाकलीवाल व प्रतिभा जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी धीरेन्द्र कुमार सिंह कासलीवाल होंगे. आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति व संयुक्त परिवार परंपरा को प्रोत्साहित करना है. सतीश जैन एवं रूचि चौबीसिया ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी.

कलाकार स्नेह मिलन समारोह ज्ञान शिखर ओमशांति भवन में कल

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नवदशकोत्सव के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति प्रभाग द्वारा वैश्विक संस्कृति प्रेम, शांति एवं सद्भावना परियोजना के अंतर्गत 6 सितंबर को कलाकार स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया है. न्यू पलासिया स्थित ज्ञान शिखर ओमशांति भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम का समय दोपहर 3 बजे से रहेगा.

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष इस प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी 5 सितंबर को अपने दो दिवसीय प्रवास पर अहमदाबाद से इंदौर पधार रही है. उक्त जानकारी देते हुए इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति प्रभाग के मुख्यालय माउंट आबू से मुख्यालय संयोजक ब्रह्माकुमार सतीश भाई, सुप्रसिद्ध गायक एवं ब्रह्माकुमार भानु भाई तथा ब्रह्माकुमार नितिन भाई पधार रहे हैं।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा सांसद शंकर लालवानी सम्माननीय अतिथि के रूप में भाग लेंगे. कला एवं संस्कृति प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी करुणा दीदी ने बताया कि इस अवसर पर इंदौर के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा.

कृष्ण जन्म, कालिया नाग मर्दन की झांकियां देखने उमड़े श्रद्धालु

हंसदास मठ स्थित सभी देवालयों का हुआ आकर्षक श्रृंगार

इंदौर. एरोड्रम रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर जन्माष्टमी का महापर्व हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया. मठ पर सुबह से आधी रात तक भक्तों का मेला जुटा रहा. कृष्ण जन्म, कालिया नाग के मर्दन और उफनती यमुना को पार करते वसुदेव की झांकी को निहारने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं के समूह डटे रहे.

मठ स्थित भगवान रणछोड़जी का नारायण स्वरूप में श्रृंगार तो दर्शनीय था ही, अन्य आकर्षक झांकियां भी भक्तों को खूब पसंद आई. इनमें मथुरा के कारागार में कृष्ण जन्म और नन्हे बालक को टोकनी में रखकर उफनती यमुना को पार कर रहे वसुदेव की झांकी के साथ ही कालिया नाग के मर्दन, भगवान की रासलीला सहित अन्य मनमोहनी लीलाओं की झांकी भी भक्तों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनी रही. इन सभी झांकियों के दर्शन कल रात से ही प्रारम्भ कर दिए गए थे. फलस्वरूप मठ पर सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही. मठ पर चल रहे मेले में भी हजारों श्रद्धालु सपरिवार पहुंचे और विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया. मठ पर झूले में विराजित लड्डू गोपाल को झुलाने की झांकी भी आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित की गई थी. समूचे मठ परिसर को रंगारंग रोशनी से सजाया गया था।

मठ के पं. अमित दास ने बताया कि रात्रि में जन्म के पूर्व ही भक्तों में खिचड़ी प्रसाद का वितरण शुरू कर दिया गया, इसके बाद भगवान पद्मनाभ स्वरूप शालिग्रामजी का पंचामृत अभिषेक हुआ और रात ठीक 12 बजे कृष्ण जन्मोत्सव की महाआरती के बाद पंजेरी प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

एक नजर में

छह टीमों ने तीन राउंड में दिखाया दम, मिस्ट्री बॉक्स ने बढ़ाया रोमांच

जुबानी जंग में तर्क, हास्य और हाजिरजवाबी का जोरदार मुकाबला

इंदौर. खंडेलवाल क्रिएटिव ग्रुप द्वारा इंदौर में जुबानी जंग नामक अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. छह टीमों के बीच तीन राउंड में हुए इस मुकाबले में प्रतिभागियों ने तर्क, हास्य, हाजिरजवाबी और वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम की खासियत इसका रोचक फॉर्मेट रहा. हर राउंड में मिस्ट्री बॉक्स के माध्यम से सस्पेंस ओ उत्सुकता बनाए रखी गई. पहले दो राउंड के विषय टीमों को पहले से उपलब्ध कराए गए थे, जिससे वे तैयारी के साथ मुकाबले में उतरे, जबकि तीसरे राउंड में टीमों को ऑन-द-स्पॉट सरप्राइज विषय दिए गए. इस राउंड में प्रतिभागियों की तत्काल सोच, तर्क और हाजिरजवाबी की वास्तविक परीक्षा हुई. प्रतियोगिता में एआई-दोस्त या दुश्मन, ऑनलाइन शॉपिंग बनाम ऑफलाइन शॉपिंग, कॉरपोरेट जॉब या फैमिली बिजनेस, अक्ल या शक्ल, मेन गॉसिप मोर या वूमेन गॉसिप मोर तथा शादी जिंदगी आसान बनाती है या तकलीफदायक जैसे रोचक विषयों पर टीमों ने एक-दूसरे के सामने अपने तर्क रखे. तार्किक दलीलों के साथ हास्य और चुटीले अंदाज ने कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया. कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार हितेश-शीतल खंडेलवाल, मनीष-रीना वैद एवं अमित-आकांक्षा रहे.

केसीजी के चेयरमैन आलोक-मेघना खंडेलवाल एवं सेक्रेटरी अतुल शालिनी खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल क्रिएटिव ग्रुप पिछले 22 वर्षों से अनूठे और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से सदस्यों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देता आ रहा है. प्रत्येक आयोजन में कुछ नया और रचनात्मक करने का प्रयास किया जाता है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक पैनल के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार सुबोध खंडेलवाल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की. तीनों राउंड की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद टीम एक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'जुबानी जंग' का खिताब अपने नाम किया.

निगम द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह

इंदौर . नगर निगम द्वारा आज शिक्षक दिवस के अवसर पर रवीन्द्र नाट्य गृह में शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा. इस दौरान शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा. हर साल की तरह इस साल भी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस मौके पर नगर निगम द्वारा शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह रखा गया है. आज रवींद्र नाट्य गृह में सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. निगम सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि समारोह में राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन, रिटायर शिक्षक मदन मोहन के मुख्य आतिथ्य, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगरीय विकास अवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.